Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 05 फरवरी, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-05-february-2020

राम मंदिर निर्माण के लिये ट्रस्ट का गठन

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिये एक ट्रस्ट के गठन का फैसला किया है। इस कार्य के लिये ट्रस्ट का नाम **श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र** रखा गया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार, इस कार्य के लिये लगभग 67 एकड़ भूमि ट्रस्ट को हस्तांतरित की जाएगी। साथ ही अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सुन्नी वक्फ बोर्ड को 5 एकड़ भूमि दी जाएगी। यह ट्रस्ट मंदिर निर्माण से संबंधित फैसले स्वयं लेगा।

सतत् विकास कर

भूटान सरकार ने भारत समेत बांग्लादेश और मालदीव से आने वाले यात्रियों का अपने देश में निशुल्क प्रवेश बंद करने का फैसला किया है। नए नियमों के अनुसार, तीनों देशों से भूटान जाने वाले यात्रियों को 1200 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान करना होगा। भूटान सरकार ने तीन देशों (भारत, बांग्लादेश और मालदीव) से आने वाले यात्रियों पर लगने वाले कर को सतत् विकास कर नाम दिया है।

किशोर कुमार सम्मान-2018

हाल ही में बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री वहीदा रहमान को 'किशोर कुमार सम्मान-2018' से सम्मानित किया गया है। गायक किशोर कुमार के नाम पर दिया जाने वाला यह पुरस्कार मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर उन्हें सम्मान स्वरूप दो लाख रुपए, शाल-श्रीफल और प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की गई। ज्ञात हो कि किशोर कुमार का जन्म 4 अगस्त, 1929 को खंडवा में हुआ था। वर्ष 1955 में तेलुगु फिल्म के जरिये अभिनय की दुनिया में शुरुआत करने वाली वहीदा रहमान की फिल्मों में किशोर कुमार ने कई गीत गाए थे।